जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

30 सितंबर, 2024

प्रेस विज्ञप्ति

**स्वच्छता ही सेवा 2024: जामिया कर्मचारियों ने ली स्वच्छता शपथ, 1 अक्टूबर को 'सफाई मित्र सुरक्षा शिविर' का आयोजन**

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के कर्मचारियों ने आज विश्वविद्यालय के मुख्य प्रशासनिक खंड में 'स्वच्छता ही सेवा-2024' पखवाड़े के अंतर्गत 'स्वच्छता शपथ' ली। जामिया के कार्यवाहक कुलसचिव श्री एम. नसीम हैदर ने अंग्रेजी में और प्रो. इंदु वीरेंद्र ने हिंदी में शपथ दिलाई। विश्वविद्यालय में दिनांक 14 सितंबर से 01 अक्टूबर तक 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा मनाया जा रहा है और इसका समापन दिनांक 02 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के जन्मदिन पर 'स्वच्छ भारत दिवस' के रूप में होगा।

विश्वविद्यालय के शिक्षकों और गैर-शैक्षिक कर्मचारियों ने स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्ध रहने और इसके लिए समय निकालने की शपथ ली। सभी ने यह शपथ ली कि वे न तो गंदगी फैलाएँगे और न ही दूसरों को फैलाने देंगे और स्वच्छता की शुरुआत स्वयं से, अपने परिवार से, मोहल्ले से, गांव से और अपने कार्यस्थल से करेंगे। शपथ ग्रहण समारोह इस उम्मीद के साथ समाप्त हुआ कि स्वच्छता की दिशा में उठाया गया प्रत्येक कदम देश को स्वच्छ बनाने में सहायक होगा।

विश्वविद्यालय के कई अन्य विभागों और केंद्रों में भी स्वच्छता शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया, जहां पर शिक्षकों और छात्रों ने परिसर, आसपास, शहर और देश को स्वच्छ रखने की शपथ ली।

# स्वछता ही सेवा 2024 के हिस्से के रूप में विश्वविद्यालय के डॉ. एम. ए. अंसारी स्वास्थ्य केंद्र द्वारा दिनांक 01 अक्टूबर, 2024 को सभी 'सफाई मित्रों' के लिए एक 'सफाई मित्र सुरक्षा शिविर' का आयोजन किया जाएगा। स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधिकारियों द्वारा सफाई मित्रों के स्वास्थ्य जाँच की जाएगी । उनकी मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हेपेटाइटिस बी और एचआईवी संक्रमण संबंधी भी जांच की जाएगी और उन्हें निवारक हेपेटाइटिस बी का टीका और टेटनस टॉक्साइड इंजेक्शन दिया जाएगा। उन्हें दिन-प्रतिदिन की स्वछता और पेशेवर स्वच्छता के बारे परामर्श दिया जाएगा और उनकी सुरक्षा हेतु उन्हें 'एन 95 मास्क' प्रदान किए जाएंगे ।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया